09 July 2025_Copy of Layout 1 7/10/2025 8:25 AM Page 1


दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 10 | देहरादून, बुधवार 09 जुलाई, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### कांग्रेस ने विजय कुमार को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत चुनाव हेतु जिला पिथौरागढ़ की डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के दिगरा मुवानी पंचायत क्षेत्र से विजय कुमार को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकान्त धस्माना ने बताया कि जिला पिथौरागढ़ की डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के दिगरा मुवानी पंचायत क्षेत्र से विजय कुमार को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है। श्री धस्माना ने यह भी कहा कि शीघ्र ही बचे हुए जनपदों से भी पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी।

### मूसलाधार बारिश से गाड़ी गांव में हुआ भारी नुकसान

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारी बारिश ने एक बार फिर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। निजमुला घाटी के गाड़ी गांव में मंगलवार रात को मूसलाधार बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। गांव का मुख्य पैदल मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, जिससे आवाजाही बाधित हो गई है। साथ ही बिजली और पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह से ठप हो गई है। बिरही–निजमुला सड़क भी काली चट्टान और तौली तोक के पास मलबा आने से अवरुद्ध हो गई है, हालांकि जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए सड़क को खोलने का कार्य शुरू करवा दिया है।

गाड़ी गांव में हुई बारिश से सबसे ज्यादा क्षति हुई है। मुख्य मार्ग के ध्वस्त होने से नेत्र सिंह के मकान पर भी खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि यह मार्ग मकान के ठीक ऊपर से गुजरता है। इसके अतिरिक्त, गांव की पेयजल लाइन का मुख्य स्रोत भी क्षतिग्रस्त हो गया है। तौली, ननाली और नेवा तोक को जोड़ने वाली पेयजल लाइनें भी टूट गई हैं, जिससे इलाके में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। साथ ही तौली तोक के पास पेड़ गिरने से 33 केवी की विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'हाउस ऑफ हिमालयाज' आउटलेट का उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड निवास परिसर में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के आउटलेट का उद्घाटन किया। यह आउटलेट उत्तराखण्ड की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में संगठित रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से न केवल राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को देश के सामने लाया जाएगा, बल्कि स्थानीय उत्पादों को नए बाजार भी प्राप्त होंगे।



'हाउस ऑफ हिमालयाज' आउटलेट का उद्घाटन करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की उस दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय अंचलों में उत्पादित प्राकृतिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक पहचान दिलाना है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और साथ ही स्थानीय कारीगरों व शिल्पकारों को नए अवसर प्रदान करेगा। चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी को बढ़ावा देने हेतु 13 से अधिक प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स और रिटेल कार्ट्स नैनी सैनी एयरपोर्ट, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून हेलीपैड,

### उत्तराखण्ड की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में मिला नया मंच

जीएमवीएन श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, हर्षिल, गुप्तकाशी, कौडियाला, मसूरी, परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश), स्नो क्रेस्ट (बद्रीनाथ), एटीआई (नैनीताल) एवं सेंट्रिया मॉल जैसे तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं। ये रिटेल कार्ट्स श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मैरियट मसूरी, ताज देहरादून, एफआरआई व एलबीएसएनएए एवं राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली हाट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रिटेल कार्ट्स की स्थापना प्रक्रिया प्रगति पर है। यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही है, बल्कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प कौशल को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रही है। सचिव ग्रामीण विकास राधिका झा ने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड ने कम समय में अपनी गुणवत्ता के बल पर विशेष पहचान बनाई है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## देवलसारी व कैंपटी रेंज में वन पंचायतों को 2500 फलदार पौधे वितरित किए गए

**देहरादून।** लखवाड़ जल विद्युत परियोजना के अंतर्गत संचालित कैट परियोजना के अंतर्गत मसूरी वन प्रभाग के कैंपटी एवं देवलसारी रेंज में ग्रीष्मकालीन फलदार पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वन पंचायतों का सशक्तिकरण और ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में किंचित प्रयास फाउंडेशन, देहरादून के माध्यम से कुल 2500 फलदार पौधे वितरित किए गए। इनमें आम, अमरूद, लीची, चीकू और नींबू जैसे उपयोगी एवं स्थानीय जलवायु के अनुरूप पौधे शामिल थे।



## वित्तीय और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ईओयू को मजबूत करें: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में आरबीआई के तत्वाधान में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आरबीआई और गृह विभाग द्वारा विगत बैठक में दिए गए निर्देशों की एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आज के डिजिटल युग में वित्तीय और साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए सभी बैंकर्स और इंप्लीमेंटेशन एजेंसी तथा विभागों



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

के मध्य बेहतर तालमेल हो, वित्तीय अपराधों से संबंधित थ्ट, इन्वेस्टिगेशन, चार्जशीट, कंप्लायंस इत्यादि में तेजी दिखाई जाए तथा इस प्रकार के वित्तीय फ्रॉड को रोकने के लिए बड़े कारगर संस्थागत प्रयास किए जाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने इसके लिए जन सामान्य को जागरूक करने के साथ–साथ इस पर नियंत्रण पाने के लिए सुदृढ़ निकाय की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने निर्देशित किया कि जो अभी सीबीसीआईडी के अधीन कार्यरत हैं इस एजेंसी को इंडिपेंडेंस एजेंसी बनाने के लिए कार्य करें। इस एजेंसी में एसटीएफ के अधीन काम करने वाली फाइनेंशियल फ्रॉड यूनिट को भी मर्ज करने की कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर में बैंक प्रतिनिधि की भी अनिवार्य उपस्थिति हो ताकि वित्तीय फ्रॉड करने वाले किसी भी संस्थान ध्फर्म की वेबसाइट पोर्टल को तत्काल ब्लॉक किया जा सके और लोगों का वित्तीय नुकसान होने से तत्काल बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों से वित्तीय पूंजी प्राप्त करने वाले संस्थाओं फर्म का नियमित निवेश की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने के लिए सभी बैंकों की ओर से नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की जाय। ताकि लोगों को अधिकृत वित्तीय पूंजी प्राप्त करने वाले संस्थान की जानकारी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, महानिरीक्षक पुलिस नीलेश आनंद भरणे, रिजर्व बैंक इंडिया के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार, महाप्रबंधक नीता आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ महागठबंधन का बिहार बंद

आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के फैसले के खिलाफ शबिहार बंदश का आह्वान करते हुए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और ष्चुनाव आयोग होश में आओष के नारे लगाए। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव, बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ महागठबंधन द्वारा आहूत शबिहार बंदश में शामिल हुए। राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि जब भी देश ष्संकटष का सामना करता है, कांग्रेस सांसद ष्सड़कों पर लड़ते हैंष। राजेश राम ने एएनआई को बताया, ष्जब भी देश संकट का सामना करता है, राहुल गांधी सड़कों पर लड़ते हैं। आज, मतदान पर प्रतिबंध लगने की कगार पर है, हम इसके लिए लड़ रहे हैं, और राहुल गांधी इसके लिए यहाँ आ रहे हैं। राजेश राम ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भी आलोचना की। दिल्ली में बैठकर फैसला लेने और जमीन पर रहकर फैसला लेने में फर्क होता है। अगर आपको ऐसा करना ही था, तो लोकसभा चुनाव से पहले कर लेना चाहिए था। इस बीच, बिहार बंद में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता वाहनों को रोकने के लिए सड़क पर लेट गए। एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने कहा, ष्जब तक सरकार हमारी माँगें नहीं मान लेती, हम ऐसा करते रहेंगे। हम अपने नेतृत्व की सीमा तक लड़ेंगे... सत्ताधारी दल सिर्फ लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है।

# सभी विभाग बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रेजेंटेशन तैयार करें: मुख्य सचिव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव ने बैठक में सभी अधिकारियों को उनके बेहतर विभागीय कार्यों की बेस्ट प्रैक्टिसेज (सफलता की कहानियां) तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बेस्ट प्रैक्टिसेज में ऐसा यूनिक इनिशिएटिव हो जो किसी भी राज्य द्वारा नहीं किया गया हो अथवा जो अन्य से अलग हो। बेस्ट प्रैक्टिसेज संस्थागत अथवा व्यक्तिगत जिस स्तर का भी हो उसका प्रेजेंटेशन तैयार करें। उन्होंने सभी सचिवों से उनके विभागों में हो रहे बेहतरीन कार्यों की जानकारी लेते हुए उनका बेस्ट प्रैक्टिसेज के रूप में संकलन तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिल सके।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि आईटी, कृषि, उद्यान, बाल विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, सहकारिता, पशुपालन, वन विभाग, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, हायर एजुकेशन, आयुष इत्यादि विभागों में बेस्ट प्रैक्टिसेज की अधिक संभावना है। मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को निर्देशित किया कि विभिन्न विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर तरीके से इंप्लीमेंटेशन करें ताकि जनमानस को उसका अधिक–से– अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

उन्होंने सभी विभागों को अपनी विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक–से–अधिक ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने पर जोर देने के निर्देश दिए। जिससे एक खुली, पारदर्शी, सहज और व्यवस्थित कार्यप्रणाली और व्यवस्था डेवलप हो सके। माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण – पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 का गंभीरता से अनुपालन कराएं। मुख्य सचिव ने संबंधित सचिवों को निर्देशित किया कि माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण और कल्याण अधिनियम–2007 का गंभीरता से अनुपालन कराएं ताकि ज्ञान और अनुभव की पूंजी हमारे वरिष्ठ नागरिक अपनी वृद्धावस्था को सम्मानपूर्वक जी सके। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से इस एक्ट का कड़ाई से अनुपालन करवाने के निर्देश दिए।

# ट्रंप का वन बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पारित बनाम मस्क की नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी'



## ट्रंप-मस्क की लड़ाई-अमेरिकी राजनीति अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण दुष्परिणाम ला सकती है

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ देख रही थी कि पिछले कुछ महीनो से कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनियाँ में चल रहे अनेको युद्धों को रोकने के लिए रुचि दिखा रहे हैं, जिसमें शामिल हैउनके 12 बार दोहराना कि भारत–पाक युद्ध विराम उन्होंने करवाया,सीरिया से प्रतिबंध हटाना,रूस यूक्रेन युद्ध विराम में रुचि,ईरान इजरायल में युद्ध विराम सहित इस दिशा में अनेकों कार्य कर रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद युद्ध विराम देशों में तनाव तल्ख बढ़ी हुई है, परंतु उनकी कोशिशों को रेखांकित करना होगा, उनको नोबेल शांति पुरस्कार की उम्मीद को भी रेखांकित करना होगा। हालांकि इस पुरस्कार के दावेदार अनेकों लोग अनेकों वर्षों से वैश्विक शांति पर काम कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी है।अभी 1जुलाई 2025 को अमेरिका में एक तरह से ट्रंप–मस्क के बीच भिड़ंत जुबानी शाब्दिक जंगबाजी एक तरह से गृहयुद्ध से गिर गए हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि जिस दोस्ती के साथ ट्रंप–मस्क चुनाव में जनता का विश्वास अर्जित कर जीत हासिल किए व अमेरिका को मेकिंग ग्रेट अमेरिका अगेन के वादे के विपरीत तगड़ी भिड़ंत कर जुबानी जंग बाजी कर अमेरिका के मतदाताओं का विश्वास भंग करके माहौल खराब करने की ओर अग्रसर कर अमेरिका की राजनीतिक, आर्थिक स्थिति सहित अपने रुतबे को कम कर दुनियाँ में कम करने से बेहतर रहेगा कि आपसी समझौता कर स्थिति को गंभीरता की ओर जाने से बचने की जरूरत है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ट्रंप–मस्क की लड़ाई,अमेरिकी राजनीति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण दुष्टपरिणाम ला सकती है–जनहित में मतभेद सुलझाना जरूरी।

साथियों बात अगर हम ट्रंप–मस्क के टकराव को राजनीतिक आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो, यह एक दिलचस्प प्रश्न है!अमेरिका में ट्रंप और मस्क के बीच का विवाद एक राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के टकराव का प्रतीक है।डोनाल्ड ट्रंप, एक शक्तिशाली राजनीतिक व्यक्तित्व हैं, जिनके पास एक मजबूत समर्थक आधार है। उनकी राजनीतिक शक्ति और प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। दूसरी ओर, मस्क एक सफल उद्योगपति और व्यवसायी हैं,जिनके पास अरबों डॉलर की संपत्ति है। उनकी कंपनियां, जैसे कि टेस्ला और स्पेसएक्स, विश्व स्तरपर प्रसिद्ध हैं और उनके पास एक मजबूत आर्थिक आधार है। इस विवाद में, यह कहना मुश्किल है कि किसकी शक्ति अधिक प्रभावी होगी।

मस्क की आर्थिक शक्ति और उनकी कंपनियों की वैश्विक पहुंच उनके लिए एक मजबूत पक्ष हो सकती है।हालांकि, यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अमेरिका में न्यायपालिका और मीडिया की स्वतंत्रता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है इस विवाद के निपटारे में।ट्रंप और मस्क के बीच विवाद का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कुछ प्रभाव पड़ सकता है (1) बाजार की अस्थिरतारू टेस्ला और अन्य कंपनियों के शेयरों की कीमतों में उतार–चढ़ाव हो सकता है,जिससे बाजारकी अस्थिरता बढ़ सकती है। (2) निवेश पर प्रभावरू यदि विवाद बढ़ता है, तो निवेशकों का विश्वास कम हो सकता है,जिससे निवेश में कमी आ सकती है।(3) आर्थिक विकास पर प्रभावरू यदि विवाद का समाधान नहीं निकलता है, तो यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के विकास को प्रभावित कर सकता है। (4) रोजगार पर प्रभावरू यदि टेस्ला जैसी कंपनियों को नुकसान होता है, तो इससे रोजगार के अवसरों पर भी प्रभाव पड़ सकता है हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था बहुत बड़ी और विविध है, और एक विवाद का इसके समग्र प्रदर्शन पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना है।

साथियों बात अगर हम 1 जुलाई 2025को देर रात सीनेट में पारित वन बिग ब्यूटीफुल बिल की करें तो, ट्रंप का श्वन बिग ब्यूटीफुल बिलश सीनेट से मामूली अंतर के साथ पास हो गया। इस बिल को पास कराने में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अहम कड़ी साबित हुए।

ट्रंप के महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती वाले इस विधेयक के पक्ष और विपक्ष में 50–50 वोट पड़े, जिसके बाद वेंस ने अपना वोट डालकर इसे मंजूरी दिलाई। मुकाबला तब देखने को मिला, जब सीनेट के बहुमत नेता जॉन थून ने दो उदारवादियों को अपने पक्ष में कर लिया, जो डेमोक्रेट्स के पक्ष में झुके हुए थे। ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस को बिल पारित करने के लिए 4 जुलाई की समय सीमा दी है, जिसमें सैन्य खर्च में 150 बिलियन डॉलर की वृद्धि और अमेरिकी राष्ट्रपति के सामूहिक निर्वासन कार्यक्रम का प्रावधान है।बिल में ट्रंप के पहले कार्यकाल के कर कटौती में 4.5 ट्रिलियन डॉलर का विस्तार करने का प्रावधान है।इसमें मेडिकेड स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम पर 1.2 ट्रिलियन डॉलर तक की कटौती का प्रस्ताव है। इससे लगभग 8.6 मिलियन कम आय वाले और विकलांग अमेरिकियों को उनके स्वास्थ्य कवरेज से वंचित होना पड़ सकता है। यह विधेयक हरित ऊर्जा टैक्स क्रेडिट सेअरबों डॉलर भी वापस लेताहै,पर्यावरण अधिवक्ताओं ने ईवी कर क्रेडिट को वापस लेने पर चिंता जताई है। गैर–अमेरिकी नागरिकों द्वारा विदेशों में पैसे भेजने पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। प्रारंभिक प्रस्तावरूइस बिल में मूल रूप से 5पेर्सेंट रेमिटेंस टैक्स लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे संशोधित करके 3.5पेर्सेंट कर दिया गया, जैसा कि टीवी9 भारतवर्ष में बताया है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ट्रंप का वन बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पारित बनाम मस्क की नई राजनीतिक पार्टी अमेरिका पार्टी,विश्व की नजरें ट्रंप–मस्क की तगड़ी भिड़ंत और जुबानी जंगबाजी पर लगी ट्रंप–मस्क की लड़ाई,अमेरिकी राजनीति, अर्थव्यवस्थाऔर वैश्विक प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण दुष्टपरिणाम ला सकती है–जनहित में मतभेद सुलझाना जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारर्शिता के साथ संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) सविन बंसल ने मंगलवार को विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सहायक प्रभारियों की बैठक लेते हुए अब तक किए गए कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन की सभी तैयारियों को त्रुटिरहित समयबद्धता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक लेते जिलाधिकारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का भंली भांति अनुश्रवण किया जाए। निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। बरसात को देखते हुए सड़क निर्माणदायी एजेंसियों को सभी संवेदनशील स्थलों में पर्याप्त संख्या में मैनपावर और मशीनरी की तैनाती करने, वैकल्पिक एवं पैदल मार्गो को सुचारू रखने और मतदान दिवस के लिए विशेष कंटीजेंसी प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधा यथा बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी एसडीएम एक बार पुनः इसका निरीक्षण करें। पोलिंग बूथों पर जो कार्य शेष है उनको जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। सभी एसडीएम व सीओ पुलिस मिलकर संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदेय स्थलों का अपने स्तर पर समीक्षा कर लें। कम्यूनिकेशन प्लान के साथ ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वापसी, स्ट्रांग रूम और मतगणना के लिए टेबल निर्धारण संबंधी पूरा प्लान तैयार किया जाए और निर्वाचन से जुड़े कार्यो को समयबद्वता के साथ त्रुटिरहित पूरा करें। रूट चार्ट के अनुसार हेल्थ प्लान एवं पोलिंग पार्टियों के लिए हेल्थ किट तैयार की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम से निर्वाचन सूचनाओं का नियमित संकलन एवं समय पर प्रेषण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्मिकों प्रशिक्षण कार्यक्रम, मतपत्र, मतदान सामग्री सहित प्रभारी अधिकारियों के माध्यम से अभी तक की गई अन्य निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि जिले के सभी 06 विकास खंडों में कुल 409 ग्राम पंचायत है, जिनमें 1090 मतदेय स्थल बनाए गए है। इसमें से 271 संवेदनशील और 322 अति संवेदनशील मतदेय स्थल है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, एसपी रेनू लोहनी, अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, एसडीएम प्रत्यूष, एसडीएम अपर्णा ढौडियाल, सीईओ विनोद कुमार ढ़ौडियाल सहित निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

## निष्क्रिय राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग का नोटिस

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में बीते छह साल से निष्क्रिय छह पंजीकृत राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है और जिनके कार्यालयों का कोई भौतिक पता भी नहीं मिल पाया है। दलों को इस नोटिस का जवाब 21 जुलाई शाम पांच बजे तक कर दिया है। आयोग के निर्देशानुसार उत्तराखंड में वर्तमान में 42 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से कई दल ऐसे हैं जो पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आर यू पी पी) में बने रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में उत्तराखंड के छह ऐसे दलों की पहचान की गई है। इन दलों की अंतिम डीलिस्टिंग का निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनैतिक दलों का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है।

# प्रदेश के हर डिवीजन में गौरा देवी स्मृति वन किया जाएगा स्थापित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के चिपको आंदोलन ने पूरी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी आंदोलन की प्रणेता गौरा देवी के जन्म शताब्दी वर्ष को वन विभाग इस बार कुछ खास रूप में मनाने जा रहा है। विभाग ने निर्णय लिया है कि राज्य के हर डिवीजन में गौरा देवी स्मृति वन की स्थापना की जाएगी।

चिपको आंदोलन की अलख जगाने वाली गौरा देवी पर्यावरण संरक्षण का दूसरा नाम है। इस आंदोलन में पूरी दुनिया ने जाना की कैसे उत्तराखंड की महिलाएं पर्यावरण के साथ अपना गहरा संबंध बनाए हुए हैं। उत्तराखंड के लिए इसी लिहाज से यह वर्ष बेहद खास है, ऐसा इसलिए क्योंकि यह साल गौरा देवी जन्म शताब्दी के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तराखंड वन विभाग ने भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस नाम को वन क्षेत्र में संजोकर रखने के लिए विशेष योजना तैयार की है। प्रमुख वन संरक्षक हॉल उत्तराखंड वन विभाग ने गौरा देवी की स्मृति में राज्य के सभी डिवीजन में गौरा देवी स्मृति शताब्दी वन की स्थापना करने का फैसला लिया है। इसके तहत प्रत्येक डिवीजन में फलदार वृक्षों को लगाया जाएगा और एक वन के रूप में स्थापित कर इसे गौरा देवी स्मृति शताब्दी वन नाम दिया जाएगा। खास बात यह है कि यह साल उत्तराखंड की राज्य स्थापना का 25वां वर्ष भी है, इस लिहाज से प्रदेश के लिए यह साल और भी अहम हो जाता है।

# जखोली की समस्याओं से सीएम धामी को कराया अवगत

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कमलेश उनियाल ने विकासखंड जखोली से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न आपदा की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। कहा कि विकासखंड जखोली के कुंणगाड़ गदेरे के उफान पर आने से पौंठी–मुनियाघर के बीच बना मोटरपुल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है, जिससे बांगर पट्टी के दो दर्जन से अधिक गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है।



सीएम को समस्याओं से अवगत कराते हुए।

इसके अतिरिक्त जखवाड़ी, तल्ली थापला सहित कई गांवों में भूधंसाव की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे आवासीय भवनों को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इस परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएम धामी ने तुरंत जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग से विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनियाल ने जखोली ब्लॉक में लंबे समय से लंबित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा खोलने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया, जिससे क्षेत्र की जनता को बैंकिंग सेवाओं के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। इस पर सीएम ने संबंधित विभाग से अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। रामाश्रम–महाविद्यालय से खरियाल तक प्रस्तावित 4 किलोमीटर मोटरमार्ग को लिंक किए जाने की वर्षों पुरानी मांग का भी मुद्दा उठाया। इस पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सचिव लोक निर्माण विभाग को प्रस्ताव पर यथाशीघ्र उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनियाल ने बताया कि सीएम पुष्कर सिंह धामी से हुई यह भेंट अत्यंत सार्थक रही।

# बीज बम अभियान सप्ताह का 9 जुलाई को वन मंत्री सुबोध उनियाल करेंगे शुभारंभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान जाड़ी के द्वारा खेल खेल में पर्यावरण संरक्षण एवं मानव और वन्य जीवों के बीच बढ़े संघर्ष को कम करने के लिए शुरू किए गए बीज बम अभियान को विस्तार देने के लिए हर वर्ष मनाए जाने वाले बीज बम अभियान सप्ताह (9 से 15 जुलाई) तक का शुभारंभ प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल देहरादून में करेंगे।

अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि इस वर्ष बीज बम अभियान सप्ताह में वन विभाग एवं शिक्षा विभाग दोनों शामिल होंगे।



वन मंत्री से मुलाकात करते द्वारिका प्रसाद सेमवाल।

9 जुलाई को देहरादून में वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल के द्वारा बीज बम अभियान सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। वन मंत्री ने मुख्य वन संरक्षक को पत्र भेज कर साथ ही फोन कर बीज बम अभियान सप्ताह को वृहद स्तर पर मनाने की बात कही। इस वर्ष से वन विभाग उत्तराखंड ने अपने कार्य वृत में बीज बम को शामिल किया है। राज्य में वन विभाग बीट स्तर पर मनाएंगे बीज बम अभियान सप्ताह। वन विभाग के द्वारा राज्य के सभी जनपदों के अधिकारियों को बीज बम अभियान सप्ताह मनाने के लिए आदेश जारी हुआ है। शिक्षा विभाग के द्वारा भी सभी स्कूलों को बीज बम अभियान सप्ताह मनाने के आदेश जारी किए गए हैं। बीज बम अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल व डॉ. अरविंद दरमोड़ा के अनुसार बीज बम अभियान सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर बेहतरीन कार्य करने वाले सहयोगियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष से यह तय किया गया कि जो विभाग, स्कूल, विद्यालय, महिला मंगल दल या व्यक्ति विशेष जो बेहतर कार्य करेगा उनको सम्मानित किया जाएगा।

बीज बम बनाने की विधिः छनी मिट्टी, कम्पोस्ट, संभव हो तो कागज की लुगदी, तीनों को आटे की तरह पानी मिला कर गूंथ ले, गोला बना कर उसमें 2 बीज डाल दे। बीज बम तैयार। बीज बम को तीन चार दिन छाव में सुखा कर उचित स्थान पर डाल दे।

09 July 2025_Copy of Layout 1 7/10/2025 8:25 AM Page 4



# रायफल फंड से छह असहाय, निर्बल लोगों को डीएम ने प्रदान की 1.50 लाख की आर्थिक सहायता

**राज्य में प्रथम बार रायफल क्लब फंड का सदुपयोग जरूरतमंद असहाय,लाचार, विधवा के जीवन उत्थान पर**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल जनपद में असहाय, अक्षम और निर्धन लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। गरीब और जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं के साथ ही जिले स्तर पर उपलब्ध संशाधनों से आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी विशेष जरूरतों को पूरा करने में जुटे है।

राज्य में प्रथमबार, रायफल क्लब फंड का सदुपयोग जरूरतमंद असहाय, लाचार विधवा के जीवन उत्थान पर किया जा रहा है देहरादून यह शुरूआत करने वाला पहला जिला बना है। आज कलेक्ट्रेट में असहाय विधवा पुनम ठाकुर, बिरोजनी उनियाल, आशादेवी, खष्टी बिष्ट, बबीता एवं रेशमी जिनके पति का एक्सीडेंट में गंभीर घायल हैं, का सहारा बना डीएम का रायफल फंड, 25–25 हजार आर्थिक सहायता चौक



आर्थिक सहायता के चेक प्रदान करते डीएम।

वितरित किए गए है। जिलाधिकारी के प्रयासों से जनपद में सक्रिय रायफल क्लब फंड से सोमवार को 06 असहाय, अक्षम और जरूरतंद लोगों को 1.50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिसमें आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर गुलरघाटी निवासी पूनम ठाकुर एवं डालवाला निवासी बिरोजनी उनियाल को बच्चों की स्कूल फीस के लिए 25–25 हजार की आर्थिक सहायता चेक प्रदान किए गए। वहीं 12 वर्षो से किराए के मकान में रह रही लकवा रोग से ग्रसित डालनवाला निवासी आशा देवी, दूसरे के घरों में कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही नेहरू कॉलोनी निवासी असहाय महिला खष्टी बिष्ट, दुर्घटना में पति का पैर टूटने पर उसके उपचार हेतु विकासनगर निवासी रेशमी और परिवार की आजीविका का कोई साधन न होने पर अचार बनाने का कार्य करने की इच्छुक गांधी ग्राम निवासी गरीब महिला बबीता को 25–25 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने लकवा रोग से पीड़ित आशा देवी को आर्थिक सहायता का चेक प्रदान करने के बाद उनको सारथी वाहन से सुरक्षित उनके घर तक भी पहुंचाया। जिलाधिकारी के जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान प्राप्त होने वाले आर्थिक सहायता के आवेदन के तहत् रायफल फंड से असहायों को किया जा रहा है सशक्त बनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास गरीब, असहाय और अक्षम लोगों समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का है। यद्यपि हम गरीब और असहाय लोगों की समस्या का पूर्ण निवारण नहीं कर सकते है, परंतु आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनकी समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशों पर समाज के वंचित वर्ग के लोगों को चिन्हित कर उनको सरकार की योजनाओं और विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध फंड से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कहा कि जिले में राइफल क्लब फंड से आज 06 असहाय, गरीब एवं निर्बलों को सहयोग राशि प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि राइफल क्लब मूलभूत सुविधाओं से हटकर एक लक्सरी ट्रॉजेक्शन है। इसका उपयोग सीएसआर गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। डीएम ने समाज में असहाय लोगों को चिन्हित करने के लिए ग्रांउट स्टाफ एवं इसमें काम कर रहे अधिकारियों की प्रशंसा भी की। इस दौरान उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि इस सहायता को निवेश के रूप में उपयोग करें तथा अपने जीविकोपार्जन हेतु स्वरोजगार, व्यवसाय में उपयोग करें।

## द्वितीय अपीलों और शिकायतों की सुनवाई की तारीखों को स्थगित करने के मुख्य सूचना आयुक्त ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी ने हरिद्वार में चल रही कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विभाग और नगर निगम से संबंधित द्वितीय अपीलों और शिकायतों की सुनवाई की तारीखों को स्थगित करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय कांवड़ यात्रा के दौरान इन विभागों के अधिकारियों की व्यस्तता को देखते हुए लिया गया है।

मुख्य सूचना आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि हरिद्वार जनपद के ऐसे विभाग, जिनकी ड्यूटी कांवड़ यात्रा में लगी हुई है और जिनकी द्वितीय अपीलों, शिकायतों की सुनवाई इस अवधि में निर्धारित है, वे हाइब्रिड मोड (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या ऑनलाइन माध्यम) के जरिए अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्य सूचना आयुक्त ने यह भी अपेक्षा की है कि हरिद्वार अथवा हरिद्वार से आने वाले राज्य के अन्य क्षेत्रों के नागरिक और अधिकारी भी कांवड यात्रा के मध्य अधिक से अधिक हाइब्रिड मोड से सुनवाई में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। यदि संबंधित अधिकारी कांवड़ यात्रा में ड्यूटी के कारण हाइब्रिड मोड के माध्यम से भी अपना पक्ष रखने में असमर्थ हैं, तो वे तिथि संशोधन हेतु आयोग के ई.मेल कर सकते हैं। ऐसे मामलों में, आयोग के द्वारा कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद की सुनवाई की नई तारीख निर्धारित की जाएगी। इस हेतु संबंधित कोर्ट के स्टाफ के नम्बरों पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के कराटे चैंपियन्स को किया सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्य के तीन होनहार कराटे चौंपियन्स को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित किए जा रहे सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने कहा, इन खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा से अपने माता–पिता के साथ ही उत्तराखंड का मान भी बढ़ाया है। तीनों खिलाड़ियों अनामिका, मैत्री व क्रियांश ने 5–6 जुलाई 2025 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित 9वीं साउथ एशियन कराटे चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत, कांस्य व कांस्य पदक जीते है, मुख्यमंत्री ने इन खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य के आयोजनों में सफलता के



कराटे चैंपियन्स को सम्मानित करते सीएम।

**अनामिका, मैत्री और क्रियांश ने साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में जीते पदक**

लिये शुभकामनाएं भी दी।

इन खिलाड़ियों का चयन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। जिसमें अनामिका बिष्ट, पुत्री हरीश बिष्ट, जिला चंपावत–रजत पदक, मैत्री बलूनी, पुत्री कैलाश बलूनी, डोईवाला, जिला देहरादून – कांस्य पदक तथा क्रियांश कौशिक, पुत्र सुमंता शर्मा, जिला देहरादून–कांस्य पदक प्राप्त किया गया है।

# माचिस की तीलियों से प्रतिकृति में जीवित करता उत्तराखण्ड का लाल पंकज सुन्दरियाल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड की पावन धरती पर समय–समय पर ऐसे अद्भुत व्यक्तित्व पैदा होते रहे हैं। जिनकी प्रतिभा देखकर हम आश्चर्य से दांतों तले उंगलियाँ दबाने को विवश हो जाते हैं। ऐसी ही एक प्रतिभा धनी है पंकज सुन्दरियाल जिन्होंने अपनी कलाकृतियों (प्रतिकृतियों से लोगों का मन मोह लिया है। पंकज सुन्दरियाल का जन्म ग्राम मजगाँव,किमगड़ीगाड़ पट्टी–चौन्दकोट, पौड़ी गढ़वाल में स्व. पुरुषोत्तम सुन्दरियाल एवं कान्ती देवी के अंशज के रूम में 6 जुलाई सन् 1981 को हुआ। प्रधानाचार्य पिता के



पंकज सुन्दरियाल।

पुत्र पंकज की प्रारम्भिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय–चौबट्टाखाल, पौड़ी गढ़वाल में हुई। माध्यमिक शिक्षा राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज चौबट्टाखाल एवं तत्पश्चात् पौड़ी कैम्पस से परास्नातक (एम.एससी.) परीक्षा उत्तीर्ण की।इसके पश्चात् उन्होंने पर्यटन और यौगिक सर्विस में पीजी डिप्लोमा हासिल किया। फिर बी.एड और विशिष्ट बीटीएस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सन् 2009 में आप श्री गुरु राम राय स्कूल पैठाणी में अध्यापक हो गये। वह सन् 2009 ही था जिसने पंकज सुन्दरियाल की जिन्दगी और सपनों को बदल कर रख दिया। जॉब लगने से पहले वह दुकानदारी करते थे, दुकानदारी के बाद जब वे घंटों अकेले बैठे रहते तो उनका क्रिएटिव मन कुछ ऐसा करने की ठान बैठा जो अलग हो, जिसे अकेले किया जाय और जो सपना साकार करें। वे मंदिर गये और घर वापसी में अचानक माचिस और फेविकोल घर लेकर आ गये। बस यही कदम पंकज को बुलंदियों की ओर लेकर चल पड़ा। एक बार इन्होंने श्री केदारनाथ की पेंटिग बनाई थी, अब इनके मन में आया कि क्यों न श्री केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति माचिस की तीलियों से बनाई जाय। यही सोचकर वह बाजार से माचिस व फेविकोल घर ले आये थे। और माचिस की तीलियों से श्री केदारनाथ मन्दिर की प्रतिकृति बनाने में जुट गये। श्री केदारनाथ का मंदिर पूरा होते ही पंकज श्री गुरू राम राय स्कूल पैठाणी में अध्यापक बन गये।

# नगीना कॉलोनी से उजाड़े गए सैकड़ों पीड़ित लोगों ने धरना देने के साथ-साथ निकाला जुलूस

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में उजाड़े गए नगीना कॉलोनी के हजारों परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के तत्वावधान में सैकड़ो पीड़ित परिवारों ने जहां तहसील प्रांगण में धरना दिया, वहीं नगर में जुलूस निकालकर जबरदस्त प्रदर्शन भी किया, इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन की प्रति उप जिलाधिकारी को सौंपी गई।



पुनर्वास की मांग को लेकर धरना देते नगीना कॉलोनी से उजाड़े गए लोग।

मंगलवार की प्रातः स्थानीय साप्ताहिक हाट बाजार प्रांगण में उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश उत्तराखंडी के नेतृत्व में जनसभा के बाद लालकुआं नगर में विशाल रैली, जुलूस निकाला गया। इस दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य आंदोलनकारी एवं उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश उत्तराखंडी ने कहा कि गरीबों को हटाए जाने से पूर्व इनका पुनर्वास किए जाने की मांग को लेकर सन 2011 में तहसील लालकुआं में 10 दिन का आमरण अनशन कर चुके हैं, इसके बावजूद आज तक नगीना कॉलोनी के उजाड़े गए परिवारो की सुध तक नहीं ली गई है, जिसके चलते उक्त परिवार के लोग दर–दर की ठोकरे खाने को विवश है।

उक्त जुलूस साप्ताहिक हाट बाजार बाजार से रेलवे स्टेशन, कोतवाली चौराहा, गुरुद्वारा मार्केट होते हुए तहसील लालकुआं में धरने में तब्दील हो गया। जिसके बाद उप जिलाधिकारी लालकुआं रेखा कोहली के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए यथा शीघ्र पीड़ित परिवारों का पुनर्वास ना होने पर बृहद आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई।

कार्यक्रम में राम बहादुर, राधा देवी, शांति देवी, रुबीना, विष्णु राजपूत, भूप सिंह, रेखा, हनीफ अहमद, आशिया, तुलसी, नूर जहां बेगम, निशा, रामप्यारी, रेखा समेत सैकड़ो पीड़ित लोग मौजूद थे।



# हल्द्वानी में रुणोदय संस्था का वार्षिकोत्सव संपन्न

**हल्द्वानी।** अरुणोदय संस्था नवाबी रोड हल्द्वानी का 'वार्षिकोत्सव यहां अरुणोदय धर्मशाला' नवाबी रोड में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि महापौर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, संस्थाध्यक्ष डी के पलड़िया, न्यास के अध्यक्ष जीवन सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संस्था एवं समाज के लिए सराहनीय योगदान करने वाले 4 वृद्धजनों को ' 'वृद्ध–जन सम्मान'' से सम्मानित किया गया, सम्मानित होने वालों में पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो पी सी बाराकोटी, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक डॉ मुकुल पन्त, आई ए एस कृशन आर्य, नवीन चन्द्र तिवारी शामिल हैं। विभिन्न विद्यालयों के 12 निर्धन–मेधावी विद्यार्थियों को 'छात्रवृत्ति के' चौक प्रदान किए गये। डा० गुंजन जोशी , इन्दु बिष्ट एवं डॉ रिफाजिया खातून के नेतृत्व में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा मधुकर श्रोत्रिय, पुष्पलता जोशी, जितेन्द्र रौतेला, विनायक जीवन चन्द्र जोशी, एडवोकेट जगदीश चन्द्र बेलवाल,पीताम्बर दत्त तिवारी,महामंत्री लतेश मोहन, कोषाध्यक्ष एम बी जोशी, राजकुमार केसरवानी,डा०दीपा काण्डपाल,रोहित केसरवानी , बी बी जोशी, हुकुम सिंह राणा, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मधुसूदन लोहनी,पूरन सिंह जीना,कैलाश कुमार तिवारी,नारायण दत्त जोशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नारायणबगड़ के अन्तर्गत गडसिर गांव की घास लेने गई महिला की खाई में गिरकर मौत

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड नारायणबगड़ के अन्तर्गत गडसिर गांव की एक महिला की जंगल में घास लेने के दौरान गहरी खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई।

महिला की पहचान 36 वर्षीय कृष्णा देवी पत्नी मनवीर सिंह के रूप में हुई है,प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा देवी गांव की अन्य महिलाओं के साथ पटोरी के जंगल में घास काटने गई थी, इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह संतुलन खो बैठी और गहरी खाई में जा गिरी, साथ में मौजूद महिलाओं ने तुरंत गांव में सूचना दी,

जिसके बाद ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को जानकारी देकर मदद की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व पुलिस और डीडीआरएफ की टीम राहत–बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची, टीम ने गहरी खाई में उतरकर काफी मशक्कत के बाद महिला के शव को बाहर निकाला।

मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल कर्णप्रयाग भेजा गया है,

उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया, गांव में इस दुखद घटना से शोक की लहर है, ग्रामीणों ने प्रशासन से वन क्षेत्रों में जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाने की मांग की है।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव को लेकर पीसीसीएफ से मिले ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम की अधिसूचना एक वर्ष से लंबित होने को लेकर पूर्व सैनिक संगठन एवं वन अधिकार समिति, बिंदुखत्ता के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ), उत्तराखंड, समीर सिन्हा से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

पीसीसीएफ से मिलने उनके कार्यालय देहरादून गए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बिन्दुखत्ता राजस्व गांव की पत्रावली को शीघ्र राजस्व विभाग को वापस प्रेषित किया जाए।

प्रतिनिधियों ने एक वर्ष के दौरान जनजाति मंत्रालय, विभिन्न जनप्रतिनिधियों तथा मुख्य सचिव द्वारा इस संबंध में किए गए दर्जनों पत्र व्यवहार की प्रतियां उन्हें सौंपते हुए अवगत कराया कि वन अधिकार अधिनियम की धारा 4.7 के अनुसार




राजस्व गांव की मांग को लेकर प्रमुख वन संरक्षक को ज्ञापन सौपते ग्रामीण।

किसी वन ग्राम, पुरानी बसासत या असर्वेक्षित ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने हेतु वन भूमि के अनारक्षित किए जाने की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद राजस्व अनुभाग ने वनाधिकार कानून के प्रावधानों विपरीत पत्रावली को वन विभाग को भेज दिया, जो पिछले एक वर्ष से प्रमुख वन संरक्षक हॉफ के कार्यालय में लंबित है। इस पर नवनियुक्त हॉफ द्वारा पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा वन अधिकार अधिनियम पर विस्तार से चर्चा की गई। उपरांत उन्होंने एक सप्ताह के भीतर पत्रावली पर यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कैप्टन खिलाफ सिंह दानू, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, उमेश भट्ट एवं बसंत पांडे शामिल रहे।

# विक्की योगी द्वारा निर्मित कुमाऊनी फीचर फिल्म अनाम के गानों की रिकॉर्डिंग का शुभारंभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** योगी फिल्म्स एंटरटेनमेंट मीडिया विक्की योगी द्वारा निर्मित कुमाऊनी फीचर फिल्म ष्अनामष के गानों की रिकॉर्डिंग हेतु देहरादून का प्रसिद्ध (स्टूडियो ऑन रिकॉर्ड्स) में शुभारंभ किया म्यूजिक डायरेक्टर अमित बी सोनू ने गीतों में अपना धुन देने हेतु गीतों को अपने हिसाब से लिखवाना प्रारंभ किया अमित.बी. कपूर उत्तराखंड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर हैं मधुर भाषी अच्छे व्यवहार कुशल के चलते उन्होंने लगभग डेढ़ सौ फिल्मों में अपने संगीत दिया है जिसमें 2004 में



निर्माता निर्देशक विक्की योगी द्वारा बनाई गई हिंदी फीचर फिल्म ष्लो जोत कीष जो श्री पूर्णागिरी माता पर आधारित थी का म्यूजिक दिया यह अमित की पहली हिंदी फिल्म थी उनके म्यूजिक में बॉलीवुड के दिग्गज सिंगरों ने अपनी आवाज दी है जिसमें कुमार सानू, उदित नारायण, शान, साधना सरगम, अनूप जलोटा ,अलका याग्निक, सुरेश वाडेकर, कैलाश खेर, जुबिन नौटियाल, आदि मुख्य हैं उत्तराखंड के प्रसिद्ध सिंगरों में नरेंद्र सिंह नेगी, प्रीतम भारतवान, सौरभ मैथानी, वीरेंद्र राजपूत, मीना राणा, गजेंद्र राणा, कल्पना, चौहान, अनुराधा निराला, संगीता ढोंडियाल, पूनम सती, स्वर्गीय हीरा सिंह राणा, चंद्र सिंह रही, आदि सैकड़ो नए गायक हैं उसके बाद लगभग डेढ़ सौ गढ़वाली कुमाऊनी जौनसारी एवं हिंदी फिल्म मैं संगीत दिया लगभग लगभग दो हजार कुमाऊनी गढ़वाली हिमाचली हिंदी भोजपुरी पंजाबी एंड हिमाचली गीतों में संगीत दिया है। उनकी कुमाऊनी गढ़वाली फिल्मों में हत्या, याद अली तेरी, कभी तो होली सवेरा, अजगर. शहिद, कन्यादान, गढ़ कुमाऊं, मेरे गांव की बाट, होली का गणेश, मिशन देवभूमि ,पोयली आदि प्रमुख है लोकप्रिय म्यूजिक डायरेक्टर अमित भी कपूर को कई नेशनल अवार्ड से नवाजा गया है।

09 July 2025_Copy of Layout 1 7/10/2025 8:25 AM Page 6



# मुख्यमंत्री धामी ने ली कांवड़ मेला तैयारियों की समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।



मुख्यमंत्री बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने पूर्व वर्षों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुई चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कह कि इस विशाल धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार की तोड़फोड़, उपद्रव या अन्य अवांछनीय घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटलध्धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रमुख स्थलों पर एक्सरे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर एवं कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने को कहा। भीड़ प्रबंधन में वॉलंटियर्स की मदद लेने, सीसीटीवी व ड्रोन से निरंतर निगरानी और अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखने पर बल दिया। बेहतर यातायात व्यवस्था अलग से प्लान बनाकर उसका व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। आतंकवादी खतरों को मद्देनजर रखते हुए एटीएस और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के घाटों, नीलकंठ महादेव मंदिर अन्य प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस व बैकअप की व्यवस्था करने, सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त तैनाती करने और आपदा राहत उपकरणों से युक्त गोताखोरों व जल पुलिस को अलर्ट मोड पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकर के उपयोग को नियमबद्ध किया जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। कांवड़ यात्रियों को 'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी पेम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने हेतु प्रचार अभियान चलाने को कहा। यात्रा मार्गों में मादक पदार्थों, शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। महिला कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उनकी सुरक्षा के लिए महिला घाटों और धर्मशालाओं में विशेष पुलिस प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा गया। अंतर्राज्यीय समन्वय बढ़ाकर सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और संबंधित पोस्टों का तत्काल खंडन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## उत्तराखण्ड में मौसम का मिजाज हुआ तल्ख

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का मिजाज तल्ख है। कई जिलों में बारिश का दौर जारी है और लगातार बारिश होने से नदी–नाले उफान पर बह रहे हैं। साथ ही कई संपर्क मार्ग मलबा और बोल्डर गिरने से लगातार बाधित हो रहे हैं। वहीं देहरादून मौसम विभाग ने आज फिर प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। भारी बारिश को देखते हुए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। देहरादून मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के सभी जनपदों के अधिकांश स्थानों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। राज्य के देहरादून, चंपावत, नैनीताल और बागेश्वर जनपदों में कहीं–कहीं भार से बहुत भारी बारिश गरज और चमक के साथ होने का अंदेशा जताया गया है। जिसके लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।जबकि राज्य के शेष जनपदों में कहीं–कहीं भारी बारिश गरज और चमक के साथ होने का पूर्वानुमान जताया गया है।

## जनपद चमोली में 2022-23 की इंटर पास 1391 छात्राओ को नही मिला नंदा गौरा योजना का लाभ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकास खंड पोखरी सहित जनपद चमोली के नौ विकास खंडो में 2022–23 की इंटर पास 439 लड़कियों को नंदा गौरा योजना का लाभ नही मिला है। इसमें 88 छात्राएं पोखरी विकास खंड की है। 2017–18 में भी इंटर पास छात्राएं को इस योजना से बंचित रखा गया है।

विभागीय जानकारी अनुसार बजट के अभाव में इन छात्राओ को लाभ नही मिला है, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी चमोली द्वारा अपने पत्र के हवाले से महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखंड से लगातार बजट की मांग की गयी है। पत्र मे उल्लेख किया गया है कि जनपद में जन्मी बालिकाएं एवं इंटर पास छात्राओ को नंदा गौरा योजना का लाभ देने के लिए रु0– 2.45.45000 दो करोड़ पैंतालीस लाख पैंतालीस हजार धनराशि की मांग शासन से की गई है।लेकिन धनराशि उपलब्ध नही हो पाया है। इस बात का खुलासा पोखरी विकास खंड के चमशिल गांव निवासी श्रृषिप्रसाद भट्ट ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गयी,प्राप्त सूचना से किया है। श्रृषि प्रसाद भट्ट ने इस संबंध में नंदा गौरा योजना का लाभ का भुगतान करने के लिए एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजकर 12वीं पास छात्राओ व जन्मी बालिकाओ को नंदा गौरा योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2022–23 की छात्राओ को छोड़कर वर्ष 2023–24 व वर्ष 2024– 25 की छात्राओ को योजना का लाभ मिल चुका है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण हुआ आयोजित, 920 पीठासीन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तैनात पीठासीन अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान 920 पीठासीन अधिकारियों व 89 सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय इण्टर कॉलेज गोपेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने सभी पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण के दौरान सभी शंकाओं का निराकरण करने की बात कही। ताकि पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। इस दौरान प्रशिक्षकों की ओर से मतदान प्रक्रिया का सैद्धान्तिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतपेटियों को खोलने बंद करने और मतदान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर परियोजना अधिकारी आनंद सिंह भाकुनी, प्रशिक्षक आत्म प्रकाश डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, केसी पंत, खीम सिंह, दिगपाल रावत, चंदन पंवार, जेएस रावत आदि मौजूद थे।

# गांव में एक भी ओबीसी मतदाता नहीं और डांगी ग्राम की सीट कर दी ओबीसी रिजर्व

**पौड़ी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकांश प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। पौड़ी गढ़वाल जिले में कल्जीखाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत डांगी में आरक्षण की वजह से ग्रामीणों के सामने एक अलग की मुश्किल खड़ी हो गई है।



डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।

दरअसल, ग्राम प्रधान पद को इस बार ओबीसी महिला आरक्षण के अंतर्गत रखा गया है, लेकिन समस्या ये है कि ग्राम डांगी में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कोई भी मतदाता या नागरिक मौजूद नहीं हैं। इस विसंगति के कारण ग्राम प्रधान पद के लिए एक भी नामांकन दाखिल नहीं हो पाया है। अब नाराज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरक्षण में सुधार की मांग की है। साथ ही ग्राणीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मुद्दे का समाधान नहीं किया गया, तो वे आगामी पंचायत चुनावों में क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के लिए होने वाले मतदान का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने क्षेत्रीय सामाजिक संरचना को नजरअंदाज कर आरक्षण लागू किया गया है, जो ग्रामवासियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है।

दरअसल, इस बार ग्राम पंचायत डांगी में ग्राम प्रधान की सीट को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) महिला के लिए आरक्षित किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम डांगी में ओबीसी वर्ग का कोई भी प्रमाणित व्यक्ति ही नहीं है। ग्रामीणों ने पौड़ी जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्ष 2015 से अब तक ग्राम में ओबीसी प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में ग्राम प्रधान पद को ओबीसी महिला के लिए आरक्षित किया जाना पूरी तरह से अनुचित और नियमों के विरुद्ध है।

समाजसेवी जगमोहन डांगी ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रमाण पत्र न बनने के कारण न तो कोई पात्र उम्मीदवार सामने आ सका और न ही ग्राम प्रधान पद के लिए एक भी नामांकन दाखिल हो पाया है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष है।

09 July 2025_Copy of Layout 1 7/10/2025 8:25 AM Page 7



# टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऐस प्रोरू भारत का सबसे किफायती 4-व्हील मिनी-ट्रक, 3.99 लाख रुपये से शुरू

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** टाटा मोटर्स, भारत के सबसे बड़े कमर्शियल वाहन निर्माता, ने ऑल–न्यू टाटा ऐस प्रो लॉन्च करके छोटे कार्गो परिवहन में एक नये युग की शुरुआत की है।

टाटा ऐस प्रो केवल 3.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया गया है और भारत का सबसे सस्ता फोर–व्हील मिनी ट्रक है। यह शानदार दक्षता, लचीलापन और बेहतरीन मूल्य देता है। नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय–फ्यूल (सीएनजी, पेट्रोल) और इलेक्ट्रिक वैरिएंट में उपलब्ध है। ग्राहक उनकी व्यावसायिक जरूरतों के मुताबिक अपनी पसंद का वैरिएंट चुन सकते हैं। ग्राहक टाटा मोटर्स के देशभर में फैले 1250 कॉमर्शियल व्हीकल्स सेल्स टचप्वाइंट्स या टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म, फ्लीट वर्स, पर अपने पसंदीदा ऐस प्रो वैरिएंट को बुक कर सकते हैं। टाटा




ऐस प्रो को खरीदना बेहद आसान है, कंपनी ने प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को लोन के लिए फौरन मंजूरी मिलेगी, उन्हें पास ईएमआई के लचीले विकल्प होंगे और उनकी जरूरतों के अनुसार फंडिंग सपोर्ट मिलेगा। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड (एससीवीपीयू), श्री पिनाकी हल्दर ने टाटा ऐस प्रो के बारे में कहा, ष्टाटा ऐस प्रो को ग्राहकों की जरूरतों को समझकर बनाया गया है और इसे कई तरह के कामों के लिए डिजाइन किया गया है। देहरादून में बढ़ते ई–कॉमर्स और डेयरी व्यवसाय



से लेकर मसूरी और रानीखेत की घुमावदार सड़कों तक, ऐस प्रो पेट्रोल अपने शक्तिशाली और ईंधन–बचत वाले इंजन के साथ भारी सामान ढोने में भी शानदार प्रदर्शन देता है। हरिद्वार और नैनीताल जैसे पर्यटक स्थलों में, जहां सीएनजी स्टेशन बढ़ रहे हैं और मौसमी व्यापार जोरों पर रहता है, ऐस प्रो बाय–फ्यूल व्यापारियों के लिए किफायती और दोहरे ईंधन का लाभ देता है। रुद्रपुर और पंतनगर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में, जहां कृ षि–प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग और ऑटो पार्ट्स उद्योग हैं, ऐस प्रो बाय–फ्यूल और ईवी मॉडल सामान ढुलाई और फैक्ट्री वितरण के लिए उपयोगी हैं। हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में डेयरी और ताजा उत्पादों की डिलीवरी के लिए ऐस प्रो ईवी एक शांत और पर्यावरण–अनुकूल विकल्प है, जिसे टाटा मोटर्स की फ्लीट एज तकनीक और बेहतरीन सर्विस सपोर्ट का साथ मिलता है। सुरक्षा, कम लागत और हर तरह के काम में अनुकूलता के साथ, टाटा ऐस प्रो उत्तराखंड में व्यवसाय, लॉजिस्टिक्स और पर्यावरण–अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देगा।

## अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने प्रोडक्ट ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता


**देहरादून।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शुमार अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने दो श्रेणियोंरू लाइफ इंश्योरेंस दृ रिटायरमेंट इनकम और लाइफ इंश्योरेंस दृ यूलिप में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर 2025 का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है।

भारत में प्रोडक्ट ऑफ द ईयर के 17वें संस्करण के लिए नीलसनआईक्यू की तरफ से देशभर में किए गए उपभोक्ता सर्वेक्षण से मिले निष्कर्षों के आधार पर यह सम्मान दिया गया है।

यह पुरस्कार अवीवा सिग्नेचर इनक्रीजिंग इनकम प्लान और अवीवा सिग्नेचर इन्वेस्टमेंट प्लान को पुरस्कार मिला है। ग्राहकों ने इन दोनों प्रोडक्ट्स को अपनी श्रेणियों में सबसे इनोवेटिव प्रोडक्ट्स के रूप में चुना। यह पुरस्कार ग्राहकों को केंद्र में रखने, सरलता एवं आज की वित्तीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक प्रोडक्ट्स डिजाइन करने पर अवीवा इंडिया के मजबूत फोकस को दिखाता है।

## निर्विरोध चुनी पंचायतों को कमलानंद महाराज करेंगे सम्मानित

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पूर्व सचिव भारत सरकार कमलानंद महाराज ने उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन बढ़ने पर खुशी जताई है। दरअसल, पंचायत चुनाव में आपसी बुराइयां बहुत हो जाती है। इसका असर गांव के माहौल के साथ विकास पर भी पड़ता है। इस बार पंचायत चुनाव में यह स्थिति न बने, इसके लिए पहाड़ के कई गांवों ने निर्विरोध निर्वाचन को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। ग्रामीणों के निर्विरोध निर्वाचन के जरिए सुशासन और विकास का रास्ता भी प्रशस्त होगा। पंचायतराज की मूल भावना सबको साथ लेकर ग्राम का सर्वांगीण विकास करना है। इसमे निर्विरोध निर्वाचन बड़ी भूमिका निभाता है। भाई



कमलानंद महाराज ने निर्विरोध होने वाली पंचायतों को सम्मानित करने की बात कही है। कहा कि यह खुशी की बात है कि पहाड़ के कई गांवों में निर्विरोध प्रधान बन रहे है। इससे व्यक्ति मजबूत होगा, समाज मजबूत होगा, गांव में स्वावलंबन, स्वाभिमान होगा। चुनाव में शराब, मुर्गा का चलन नहीं होना चाहिए। उद्देश्य यह है कि विश्व को बचाना है तो जड़ को मजबूत करना होगा। ऐसी दशा में सबकी जिम्मेदारी है कि इस पर सोचें। चुनाव का आधार वोट है। यदि चुनाव में वोट बिक गया तो क्या विकास होगा।

## ग्राफिक एरा के दो प्रोफेसर देवभूमि राष्ट्रीय रतन से हुए सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डॉ. अनुभा पुंडीर व प्रोफेसर वीपी राहुकुल आर्यावर्त एकल उपयोग विरोधी प्लास्टिक व झोला अभियान में देवभूमि राष्ट्रीय रतन पुरस्कार 2025 फॉर सोशल वर्कर एंड इनोवेटिव एजुकेटर से नवाजा गया।

गाजियाबाद स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन चौरिटेबल ट्रस्ट ने उत्तराखंड स्टेट सेंटर के द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के सहयोग से देवभूमि राष्ट्रीय रतन पुरस्कार 2025 का आयोजन किया गया जिसमें बड़े–बडे दिग्गजो ने प्रतिभाग गिया। प्रोफेसर अनुभा एक शोधकर्ता हैं और वैदिक विज्ञान व व्यक्तित्व विकास में अनुसंधान में योगदान दे रही है! इससे पहले इन्हें बहुत सारे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।




ग्राफिक एरा के प्रोफेसर को सम्मानित करते हुए।

जिनमें संयुक्त राष्ट्र और आइकनगो को तरफ से गोल्ड करमवीर चक्र और प्लैटिनम करमवीर चक्र मिल चुका है। दून में आयोजित हुए इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वालो को सम्मानित करना है। इस अवसर पर उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और स्वामी चिदानंद सरस्वती सहित कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई। इस कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण बतौरवशिष्ट अतिथि, सांसद नरेश बंसल और मंत्री सुबोध उनियाल भी उपस्थित रहे। यह पुरस्कार चिकित्सा, प्रौद्योगिकी, सामाजिक सुधार, शिक्षा और आध्यात्मिकता जैसे क्षेत्रों में विशेष काम करने वालों को दिए गए।

## हिप रिप्लेसमेंट एक कामयाब ऑपरेशन, हिप रिप्लेसमेंट 25 साल तक काम कर सकता

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन की ओर से स्थानीय होटल हयात सेंट्रिक में हिप ट्रांसप्लांट पर आधारित एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

सगोष्ठी का उद्घाटन एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष, पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. एस. एन. सिंह एवं आयोजन सचिव डॉ. गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उत्तरांचल ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के इस अवसर पर, संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री, गिनीज रिकॉर्ड होल्डर प्रो. डॉ. बी. के. एस. संजय ने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय




कार्यक्रम को संबोधित करते पद्मश्री डॉ. वीकेएस संजय।

मेडिकल जर्नल द लांसेट का हवाला देते हुए कहा कि हिप रिप्लेसमेंट शताब्दी की सबसे सफल सर्जरी है। द लांसेट एक उच्च स्तर की अंतरराष्ट्रीय साप्ताहिक मेडिकल पत्रिका है, जो अपने शोधपत्रों के लिए कड़े मानक निर्धारित करती है। डॉ. संजय ने कहा कि बोन सीमेंट के अविष्कार और सर जॉन चार्नली की लो–फ्रिक्शन आर्थ्रोप्लास्टी के विकास के बाद से टोटल हिप रिप्लेसमेंट आज की क्लिनिकल दुनिया में एक सामान्य और अत्यधिक प्रभावी सर्जरी बन गई है। हालांकि भारत में यह सर्जरी विकसित देशों की तुलना में उतनी आम नहीं है। जब भी किसी मरीज को हिप रिप्लेसमेंट की सलाह दी जाती है, तो उनका पहला और महत्वपूर्ण सवाल होता है "हिप रिप्लेसमेंट कितने साल चलेगा?" यह सवाल मरीज और सर्जन दोनों के लिए अहम होता है, क्योंकि यह दीर्घकालिक परिणामों और मरीज की संतुष्टि को प्रभावित करता है। पद्मश्री डॉ. संजय ने कहा कि अब तक 15 से 25 वर्षों तक हिप रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक चलने का अनुभव हो चुका है। उन्होंने जानकारी दी कि एक उल्लेखनीय केस से यह भी ज्ञात हुआ कि मोल्ड हिप रिप्लेसमेंट 65 वर्षों तक चला। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि कुछ मामलों में हिप रिप्लेसमेंट आजीवन टिक सकता है और मरीज भारतीय समाज की सामान्य आवश्यकताओं जैसे पालथी लगाना और स्क्वाट करना भी कर सकते हैं।

# पंतनगर यूनिवर्सिटी ने दिल्ली में आयोजित किया आम उत्सव

**सीडीएस जनरल अनिल चौहान व वायु सेना प्रमुख एयर चीफमार्शल एपी सिंह रहे मौजूद**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिल्ली के आकाश एयर फोर्स ऑफिसर मैस में जीबी पंत यूनिवर्सिटी और जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन आफ इंडिया ने आम उत्सव का आयोजन किया गया।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड स्टाफ और वीसी जीबी पंत यूनिवर्सिटी डॉ मनमोहन सिंह चौहान आम महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और उन्होंने भी रसीले आमों का स्वाद लिया। किस्म–किस्म के आमों के स्वाद लेने के साथ ही गणमान्य लोगों ने देश और उत्तराखंड के सरोकारों को लेकर विचार विमर्श भी किया। इस आम महोत्सव प्रदर्शिनी में जीबी पंतनगर यूनिवर्सिटी का विशेष सहयोग रहा और इसमें कई प्रकार के आम के किस्मों की प्रदर्शिनी लगाई गई। जिसमें दशहरी, लंगड़ा, चौसा, फजली, आम्रपल्ली, मल्लिका, पंत सिंदुरी, पीएमएसएस–1 (पंत शरद ऋतु), पीएमएसएस–17, गौरजीत, वनराज, सेंसेशन, टॉमी एटकिंस, तोतापुरी, अरुणिका, सोनपरी, तोतापुरी रेड स्मॉल, अंबिका, नीलगोआ, महमूद बहार, रत्ना, अंगूर लता, हाथीझूल, नीलुद्दीन, नीलेशन, पूसा श्रेष्ठ, पूसा लालिमा, पूसा प्रतिभा, पूसा पीतांबर, अर्का उदय, अल्फांसो–900 आदि कई प्रकार के आम के किस्मों की प्रदर्शिनी लगाई गई।

आम महोत्सव में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और उनकी पत्नी अनुपमा चौहान ने प्रदर्शिनी में लगे आमों के बारे में विस्तृत जानकारी ली और विभिन्न प्रकार के आमों का स्वाद लिया। उनके अलावा वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह ने अलग अलग प्रकार के आमों की जानकारी ली और प्रदर्शिनी में लगे सभी आमों की प्रशंसा की। जीबी पंत यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एके सिंह ने प्रदर्शिनी में लगे आमों के बारे में गणमान्य लोगों को विस्तृत से बताया। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शिनी में कुल 45 किस्मों के आम लगाये गये हैं, पंतनगर विश्वविद्यालय में लगभग 236 प्रकार के आम पाये जाते हैं और देशभर में 1200 प्रकार के आम पाये जाते हैं। इस प्रदर्शिनी में जीबी पंत यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ मनमोहन सिंह चौहान भी उपस्थित थे उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि जीबी पंत यूनिवर्सिटी के कृषि विशेषज्ञ लगातार उत्तम किस्म के फलों को तैयार करने में लगे हुए हैं और उनकी कोशिश है कि इससे बागवानी करने वाले किसानों को बहुत फायदा होगा। जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन आफ इंडिया समय–समय पर ऐसे कार्यक्रम करके लोगों को जोड़ने का काम करता रहता है।

इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों ने एक दूसरे से अपने अपने विचार साझा किये और आम के इस मौसम में आम उत्सव का मजा लिया। आम उत्सव में कई अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया जिसमें सीडीएस जनरल अनिल चौहान, उनकी पत्नी अनुपमा चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उनकी पत्नी सरिता सिंह, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड स्टाफ, डॉ मनमोहन सिंह चौहान, वीसी जीबी पंत यूनिवर्सिटी, एयर मार्शल संदीप सिंह, एमए एनएससीएस, वाइस एडमिरल संदीप नैथानी, पूर्व सीएमओ, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल भट्ट, डीजी, इंडियन स्पेश एसोसिएशन, आरके सिंह, अतिरिक्त सचिव, गृह मंत्रालय, आकाश जिंदल, आईपीएस, मंगेश घिडियाल, डिप्टी सक्रेट्री, पीएमओ, डॉ संजय कुमार, डारेक्टर, उत्तराखंड काउंसिल, तारिणी रावत, ब्रिगेडियर अशीष नेगी, एयर कमोडोर राज ठाकुर, कमांडाट अशोक सजवान, ले कमांडर मनीष कुंडू, प्रोफेसर एके सिंह, एससी पांडेय, सीएमडी, एसकेपी प्रोजेक्ट, मनोज बिष्ट, एमडी, एमके इन्फोसिस्टम, हिल–मेल की सीईओ चेतना नेगी, मनजीत नेगी, सीनियर एडिटर आजतक, वाईएस बिष्ट, एडिटर, हिल–मेल आदि प्रबुद्ध लोग शामिल हुए।

## बेहतरीन डील्स और सबसे तेज डिलीवरी के साथ इस अमेजन प्राइम डे का आनंद लें

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अमेजन इंडिया अपने सबसे प्रतीक्षित शॉपिंग इवेंट द् प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए आयोजित किया जा रहा है।

12 जुलाई की मध्यरात्रि 12 बजे से लेकर 14 जुलाई की रात 11.59 बजे तक, 72 घंटों की नॉन–स्टॉप शॉपिंग के लिए तैयार हो जाइए, जहां मिलेगा सबसे बड़ा कलेक्शन, सबसे तेज डिलीवरी, बेमिसाल डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट। चाहे आप अपने गैजेट्स अपग्रेड करना चाहते हों, वॉर्डरोब को रिफ्रेश करना हो या घर को नया लुक देना हो, प्राइम डे में स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज, अमेजन डिवाइसेज, फैशन, ब्यूटी, होम व किचन, फर्नीचर, किराना, रोजमर्रा की जरूरतें और बहुत कुछ शानदार छूट के साथ मिलेगा।

प्राइम, डिलिवरीज और रिटर्न्स, इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स के डायरेक्टर अक्षय साही ने कहा, ष्प्राइम डे हमारे ग्राहकों के लिए एक उत्सव है, और इस साल हम इसे अब तक से भी बड़े स्तर पर मना रहे हैं, 72 घंटों की शॉपिंग, बेहतरीन बचत और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट के साथ। हजारों डील्स के साथ, प्राइम डे देशभर के प्राइम सदस्यों के लिए अमेजन का सबसे अच्छा अनुभव लाएगा। कंपनी ने हाल ही में भारत में 2000 करोड़ रुपयों का निवेश भी किया है।

### आतंकवाद से निपटने को लेकर रेलवे स्टेशन काठगोदाम में मॉक ड्रिल 09 जुलाई को

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना अनुसार 'आतंकवाद संबंधी घटनाओं से प्रभावी रूप से निपटने और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना जीआरपी काठगोदाम द्वारा दिनांक 09 जुलाई 2025 को प्रातः 11रू00 बजे रेलवे स्टेशन काठगोदाम में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।' जिसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी घटना की स्थिति में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। मॉक ड्रिल में जीआरपी काठगोदाम के साथ रेलवे सुरक्षा बल, बीडीएस, एंटी टेरर स्क्वाड , फायर सर्विस, स्थानीय पुलिस, एवं चिकित्सा विभाग सहित सभी आवश्यक एजेंसियां प्रतिभाग करेंगी।

## न्यूज डायरी

### प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने कहा मेरी छवि खराब करने वालों के खिलाफ करें कार्रवाई

**देहरादून।** प्रमुख सचिव ऊर्जा, आवास एवं नियोजन आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया है, कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने व्हाट्सएप न0–84 812986500 की प्रोफाइल पर उनकी फोटो लगाकर कई व्यक्तियों, अधिकारियों से अनावश्यक रूप से पैसों की डिमांड गूगल पे न0–8974517706 पर की जा रही हैं। उन्होने इसकी स्क्रीन शॉट की फोटोकॉपी संलग्न कर इस प्रकार के कृत्य को उनकी छवि खराब करने की प्रबल चेष्टा बतायी। प्रमुख सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया है कि पूर्व में भी उनके नाम से इसी प्रकार से विभागीय अधिकारियों से अनावश्यक मांग की गयी थी, जिसकी शिकायत भी उनके द्वारा अपने पत्र दिनांक 28 मार्च, 2024 के माध्यम से की गयी थी। प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की है कि इस कृत्य में संलग्न अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही की जाये जिससे कि भविष्य में उनके अथवा अन्य किसी अधिकारी के साथ इस तरह के कृत्य की पुनारावृत्ति न हो।

## पेज 01 का शेष...

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया 'हाउस ऑफ हिमालयाज' आउटलेट का उद्घाटन

इसके उत्पाद हाउस ऑफ हिमालयाज डॉट काम के साथ–साथ अमेजन और ब्लिंकिट जैसे प्रमुख ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं। अब यह ब्रांड प्रमुख होटल श्रृंखलाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान को बढ़ावा देने तथा उच्च श्रेणी के पर्यटकों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ने के उद्देश्य से ताज (ऋषिकेश, रामनगर), हयात सेंट्रिक, हयात रीजेंसी (देहरादून), मैरियट (रामनगर), वेस्टिन (नरेन्द्रनगर) और जेपी ग्रुप (मसूरी) जैसे प्रतिष्ठित होटलों के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई है। इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न प्रमुख होटलों में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के रिटेल कार्ट्स स्थापित किए गए हैं, जो पर्यटकों को उत्तराखण्ड के विशिष्ट हस्तनिर्मित एवं जैविक उत्पादों की सीधी उपलब्धता प्रदान कर रहे हैं। यह कदम न केवल स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि सतत पर्यटन और आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की ओर भी एक महत्वपूर्ण पहल है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की अवधारणा को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान प्रस्तुत किया गया था। इस ब्रांड के अंतर्गत उत्तराखण्ड के विशिष्ट उत्पाद जैसे बुरांश का शरबत, जंगली शहद, पहाड़ी दालें, पारंपरिक मसाले, हस्तनिर्मित वस्त्र एवं अन्य जैविक सामग्री अब एक सुव्यवस्थित रूप में देश के प्रमुख शहरों तक पहुंच सकेंगी। इस अवसर पर सचिव ग्रामीण विकास राधिका झा, उत्तराखण्ड के स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जोशी ने कुत्ते के हमले में गम्भीर रूप से घायल महिला का हाल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** खूंखार रॉटविलर कुत्तों के हमले में गम्भीर घायल कौशल्या देवी का उपचार श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में चल रहा है। कुत्तों के हमले में कौशल्या देवी बेहर गम्भीर रूप से घायल हो गई थीं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल पहुंचकर महिला के स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने महिला का उपचार कर रहे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ यश मोहन लाल से बात की। डॉ यश मोहन लाल व उनकी टीम ने सोमवार को महिला के हाथ की सर्जरी की। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय पंडिता ने जानकारी दी कि श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के डॉक्टरी की टीम उपचार में लगी हुई है। हड्डी रोग विभाग की टीम ने सोमवार को महिला की सर्जरी की है। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में हड्डी रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ यश मोहन लाल की देखरेख में कौशल्या देवी का उपचार चल रहा है।



मंत्री जोशी अस्पताल में महिला का हाल जानते हुए।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19